Seat No. : _______________

# AI2-120-H

**April-2016**

**B.Com., Sem.-IV**

**208 : Taxation-II**

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. श्री सुनिल कुमार एक नामांकित कर सलाहकार हैं । जो अपने हिसाब रोकड़ आधार पर रखते हैं । कर निर्धारण वर्ष 2015-16 के लिये उनका प्राप्ति और भुगतान खाता निम्नानुसार है : **14**

**ता. 31 मार्च 2015 को पूरे होते वर्ष का प्राप्ति और भुगतान खाता**

**उधार** **जमा**

| प्राप्ति | ₹ | भुगतान | ₹ |
|---|---|---|---|
| शेष आगे लाये | 24,800 | इलेक्ट्रीक टाइपराइटर की खरीद | 12,000 |
| मुवक्किलों/ग्राहकों से प्राप्त फीस : | | गाड़ी के खर्च | 36,000 |
| 2013-14 | 2,23,000 | कार्यालय खर्च | 80,000 |
| 2014-15 | 14,61,000 | स्टाफ का वेतन | |
| 2015-16 | 2,26,000 | 2014-15 | 64,000 |
| ग्राहकों से प्राप्त भेंट | 48,000 | 2015-16 | 22,000 |
| कार खरीदने के लिए ग्राहक से प्राप्त ब्याज मुक्त लोन | 4,76,000 | किराये पर दिये मकान का खर्च : | |
| | | म्यु. कर 4,000 | |
| | | मरम्मत खर्च 2,000 | |
| | | बीमा 6,000 | 12,000 |
| लोटरी में प्राप्त रकम | 92,000 | 10 दि., 2014 को कार खरीदी | 4,80,000 |
| यु टी आई के पास से प्राप्त ब्याज | 24,000 | कार्यालय मरम्मत खर्च | 24,000 |
| किराये पर दिए मकान की आय | 1,20,000 | लोन का ब्याज | 20,000 |
| पेढ़ी से प्राप्त लाभांश | 30,000 | आयकर का भुगतान | 4,000 |
| | | बीमा प्रीमियम | 4,16,000 |
| | | शेष आगे ले गये | 15,54,800 |
| | **27,24,800** | | **27,24,800** |

कार का अंशत: उपयोग ऑफिस के हेतु (40%) और अंशत: व्यक्तिगत हेतु (60%) है । निर्धारण वर्ष 2015-16 के लिए कर योग्य आय की गणना कीजिए ।

**अथवा**

श्री जिग्नेश का ता. 31वीं मार्च, 2015 को पूरे होते वर्ष का नीचे लाभ-हानि खाता दिया गया है । उस पर से कर निर्धारण वर्ष 2015-16 के लिए कर योग्य आय की गणना कीजिये : **14**

**उधार** **जमा**

| विवरण | ₹ | विवरण | | ₹ |
|---|---|---|---|---|
| सामान्य खर्च | 26,800 | सकल लाभ | | 8,31,000 |
| डूबत ऋण | 44,000 | कमीशन से आय | | 17,200 |
| पेशगी चुकाया कर | 4,000 | दलाली | | 74,000 |
| स्टॉफ का वेतन | 1,03,200 | फुटकर आय | | 5,000 |
| मालिक का वेतन | 52,000 | डूबत ऋण वापसी (पूर्व में खर्च के रूप में अपलिखित) | | 22,000 |
| ओवरड्राफ्ट का ब्याज | 8,000 | डिबेंचर का ब्याज | | 50,000 |
| श्रीमती जिग्नेश की लोन पर ब्याज | 84,000 | शुद्ध रकम | 45,000 | |
| पूँजी पर चुकाया ब्याज | 46,000 | + TDS | 5,000 | |
| घिसाई खर्च | 96,000 | कम्पनी में रखी जमा पर प्राप्त ब्याज (बिन-धंधाकीय) | | |
| विज्ञापन खर्च | 14,000 | शुद्ध रकम | 23,400 | |
| मान्य प्रो. फंड में मालिक का अंशदान | 26,000 | + TDS | 2,600 | 26,000 |
| शुद्ध लाभ | 5,21,200 | | | |
| | **10,25,200** | | | **10,25,200** |

**अतिरिक्त जानकारी** :

(1) आयकर अधिनियम के अनुसार प्राप्ति योग्य घिसाई खर्च ₹ 74,600 है । जिसमें ऑफिस के नामवाला स्थायी साईन बोर्ड की घिसाई का समावेश है ।

(2) विज्ञापन खर्च में ₹ 6,000 की कीमत का ऑफिस के नामवाला स्थायी साईन बोर्ड का समावेश होता है ।

(3) गत वर्ष में लेनी हुई परन्तु प्राप्त नहीं हुई आय ₹ 9,000 जो लाभ-हानि खाते नहीं लिखी ।

(4) श्री जिग्नेश ने (₹ 1,40,000 की पॉलिसी पर) ₹ 12,000 का जीवन बीमा प्रीमियम भरा है ।

(5) सामान्य खर्च में ₹ 1,000 का खर्च, श्री जिग्नेश का मित्र कनाडा से आया, उसके मान में पार्टी की थी, का समावेश है ।

2. ता. 31 मार्च, 2015 को पूरे होते वर्ष के लिए श्री संतोष के विनियोगों की जानकारी निम्नानुसार है : **14**

(1) ₹ 1,20,000 के 10% के 'ब' लिमिटेड कम्पनी के करमुक्त डिबेंटर (टी.डी.एस. की दर 20%)

(2) 7% की ₹ 2,16,000 की राज्य सरकार की लोन ।

(3) ₹ 20,000 के 6.5% के ट्रेजरी सेविंग डिपोजिट सर्टीफिकेट ।

(4) 7% की ₹ 2,16,000 की राज्य सरकार की लोन में से ₹ 80,000 की लोन ता. 31-7-2014 के रोज बेच दी और उसी तारीख को ₹ 1,60,000 की कीमत के सममूल्य पर 10% के 'ब' कम्पनी लि. के करमुक्त डिबेंचर्स (टी.डी.एस. की दर 20%) खरीदे । इसके लिए 15% ब्याज से ₹ 60,000 की रकम उधार ली । ब्याज 30/06 और 30/12 के रोज चुकाया जाता है ।

(5) विदेशी कम्पनी के शेयरों पर प्राप्त डिविडंड की आय ₹ 24,000 है ।

(6) गत वर्ष दरम्यान निम्नानुसार कृषि आय प्राप्त हुई थी :

(अ) भारत में स्थित जमीन में से ₹ 3,40,000

(ब) विदेश में स्थित जमीन में से ₹ 13,00,000

कर निर्धारण वर्ष 2015-16 के लिए "अन्य साधनों से आय" शीर्षक अन्तर्गत उनकी कर योग्य आय की गणना कीजिये ।

**अथवा**

निम्नलिखित जानकारी पर से श्री रवि कुमार के करनिर्धारण वर्ष 2015-16 का कर योग्य पूँजी-लाभ की गणना कीजिये : **14**

| क्रम | खरीद कीमत | बिक्री कीमत | अन्तरण खर्च | खरीद कीमत | सम्पत्ति | सूचकांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 01-01-1968 | 61,40,000 | 22,000 | 6,00,000 | निजी निवास का मकान | 100 |
| 2. | 01-06-2005 | 8,00,960 | – | 3,18,080 | A लि. के शेयर | 497 |
| 3. | 01-03-1994 | 3,94,000 | 8,000 | 1,46,400 | B लि. के शेयर | 244 |
| 4. | 01-09-1985 | 57,80,200 | 22,000 | 7,98,000 | ज़ेवर | 133 |
| 5. | 01-01-2015 | – | – | 4,04,000 | निजी मकान (नया) | – |

निजी निवासी पुराना मकान ता. 15-03-2015 के रोज बेचा । बेचा निजी निवासी मकान तथा ज़ेवर ता. 01-04-1981 के रोज योग्य बाजार कीमत क्रमश: ₹ 6,00,000 तथा ₹ 3,60,000 थी । ता. 01-11-2014 के रोज दोनों कम्पनियों के बेचे शेयर STT के पात्र हैं ।

वित्तीय वर्ष 2014-15 का लागत स्फीति सूचकांक 1024 है ।

3. (a) निम्नलिखित जानकारी पर से कर निर्धारण वर्ष 2015-16 के लिए धारा 80 C के अन्तर्गत प्राप्त कटौती की गणना कीजिये : **7**

(1) बालकों की चुकायी शाला शिक्षण फीस ₹ 24,000

(2) PPF में जमा करायी रकम ₹ 10,000

(3) जीवन बीमा का भरा प्रीमियम ₹ 21,000

(4) कालुपुर को.ओ. बैंक लि. में पाँच वर्ष के लिए रखी जमा रकम ₹ 50,000

(5) मकान के लिये ली. लोन का ब्याज ₹ 90,000

(6) मकान के लिये ली लोन का चुकाया मूलधन ₹ 18,000

(7) मान्य प्रोविडन्ट फंड में अंशदान ₹ 36,000

**अथवा**

(a) निम्नलिखित कटौतियों को समझाइये : (कोई **दो**) **7**

(1) धारा 80 DDB के अन्तर्गत डॉक्टरी उपचार के संदर्भ में कटौती

(2) धारा 80 U अन्तर्गत अपंग व्यक्ति के लिए कटौती

(3) धारा 80 RRB अन्तर्गत पेटेन्ट्स संबंधी प्राप्त रोयल्टी

(b) समझाइये : (कोई **एक**) **4**

(1) नाबालिग की आय के प्रावधान

(2) हानि अपलिखित करना

(c) निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये : (कोई **एक**) **3**

(1) शिक्षा लोन संबंधी धारा 80E के प्रावधान

(2) दान संबंधी धारा 80G के प्रावधान

4. (a) गुजरात मूल्यवर्धित कर कानून, 2003 के अन्तर्गत टेक्स क्रेडिट के ख्याल को समझाइये । **7**

**अथवा**

सेवा कर कानून के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन (पंजीयन) प्रक्रिया समझाइये ।

(b) गुजरात मूल्यवर्धित कर कानून के अन्तर्गत निम्न पद समझाइये : (कोई **दो**) **4**

(1) व्यापारी

(2) माल

(3) धंधा

(c) संक्षेप में उत्तर दीजिये : (कोई **एक**) **3**

(1) सेवा कर कानून के अन्तर्गत सेवा कर का भुगतान

(2) सेवा कर के अन्तर्गत कर योग बनाव (incidence)

(3) केन्द्रीय बिक्री कर के कोई भी तीन लक्षण

5. निम्नलिखित उप-प्रश्नों में एक से अधिक उत्तर दिये गये हैं । सही विकल्प पसंद करके लिखिये : (कोई **सात**) **14**

(1) खुली जमीन भाड़ा पर देने पर प्राप्त आय ________ शीर्षक अन्तर्गत कर योग्य होती है ।

(a) अन्य साधनों की आय

(b) धंधा व्यवसाय की आय

(c) मकान-सम्पत्ति की आय

(d) कोई नहीं

(2) धारा 80 E के अन्तर्गत उच्च शिक्षा के लिए प्राप्त लोन की कटौती ______ के लिए स्वीकृत है ।

(a) 5 वर्ष (b) 8 वर्ष

(c) 10 वर्ष (d) कोई नहीं

(3) धारा 80 DD के अन्तर्गत 80% से कम गंभीर अपंगता वाले आधारित व्यक्ति की चिकित्सा के लिए ________ की रकम कटौती के रूप में मान्य होती है ।

(a) ₹ 1,00,000 (b) ₹ 80,000

(c) ₹ 60,000 (d) कोई नहीं

(4) सेवा कर कानून अन्तर्गत कुल कर योग्य सेवा कर संबंधी मुक्ति मर्यादा ______ है ।

(a) ₹ 2,00,000 (b) ₹ 10,00,000

(c) ₹ 5,00,000 (d) कोई नहीं

(5) निम्न में से कौन सी सम्पत्ति पूँजी सम्पत्ति नहीं गिनी जाती ?

(a) माल का स्टोक (b) लीजहोल्ड राइट्स (पट्टा अधिकार)

(c) कोपीराइट (d) कोई नहीं

(6) निमनलिखित में से किस माल के हलनचलन के लिए केन्द्रीय बिक्री कर लागू पड़ता है ?

(a) अन्तरराज्य बिक्री (b) आयात-निर्यात दौरान बिक्री

(c) सरकार को बिक्री (d) कोई नहीं

(7) विदेशी कम्पनी के शेयरों पर प्राप्त डिविडन्ड की आय ______ गिनी जाती है ।

(a) अंशधारकों के लिए कर योग्य

(b) अंशधारकों के लिए करमुक्त

(c) कम्पनी के लिए करम्कुत

(d) कोई नहीं

(8) गुजरात मूल्यवर्धित कर कानून के अन्तर्गत एकमुश्त (lumpsum) भुगतान की जवाबदारी के लिए कुल बिक्री की मर्यादा (turnover) ______ है ।

(a) ₹ 10 लाख से कम (b) ₹ 50 लाख से कम

(c) ₹ 40 लाख से कम (d) कोई नहीं

(9) निम्नलिखित में से कौन से खर्च धंधा-व्यवसाय की आय शीर्षक अन्तर्गत स्वीकार योग्य नहीं है ?

(a) बीमा प्रीमियम (b) जीवन बीमा प्रीमियम

(c) घिसाई (d) कोई नहीं

(10) निम्नलिखित में से कौन से खर्च धंधा-व्यवसाय की आय शीर्षक अन्तर्गत स्वीकार योग्य है ?

(a) विज्ञापन खर्च (b) लोन का ब्याज

(c) (a) और (b) (d) कोई नहीं